Published Date:	2 Jul 2026	Publication:	Apni Duniya (Hindi) [Indore]
Journalist:	Bureau	Page No:	2
Circulation:	19,650		

टाटा म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया मल्टी-सेक्टर पैसिव एफओएफ

मुंबई। टाटा एसेट मैनेजमेंट ने आज 'टाटा मल्टी-सेक्टर पैसिव एफओएफ' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड 'फंड ऑफ फंड' स्कीम है, जो अलग-अलग उद्योगों के पैसिव इक्विटी म्यूचुअल फंड्स की यूनिट्स में निवेश करती है। इस स्कीम का उद्देश्य पैसिव सेक्टोरल फंड्स और ईटीएफ में समझदारी से बदलाव करके लंबे समय में निवेशकों के पैसे को बढ़ाना है। न्यू फंड ऑफर निवेश के लिए 22 जून, 2026 को खुलेगा और 6 जुलाई, 2026 को बंद होगा। इस लॉन्च के मौके पर टाटा एसेट मैनेजमेंट के चीफ बिज़नेस ऑफिसर आनंद वरदराजन ने कहा अलग-अलग सेक्टर्स में निवेश करना संपत्ति बनाने का एक बहुत शक्तिशाली ज़रिया है। लेकिन इसमें सही समय पर सही सेक्टर चुनना बेहद मुश्किल होता है। भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाले सेक्टर्स समय के साथ बदलते रहते हैं। इन चक्रों के पीछे भागने की कोशिश में अक्सर निवेशक भावनाओं में बहकर गलत फैसले ले लेते हैं।